कार्यालय नगर परिषद बुढ़ार

जिला-शहडोल (म.प्र.)

अध्यक्ष

एड. श्रीमती शालिनी सरावगी

निवास

अतिराज भवन, पं दीनदयाल चौक
बुढ़ार, जिला-शहडोल (म.प्र.)
मो. 9424701070, 7000451404

क्रमांक 185/2023 दिनांक 14/02/2023

प्रति,

मंडल रेल प्रबंधक
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
बिलासपुर (छ.ग.)

विषय :- नगर परिषद् बुढ़ार को वैकल्पिक रूप से सब्जी मंडी लगाये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने बावत्।

-----oo-----

विषयांतर्गत नगर परिषद् बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत सब्जी विक्रेताओं द्वारा विगत 40-50 वर्षो से रेल्वे की भूमि स्टेशन पहुंच मार्ग पर अस्थाई सब्जी मंडी लगाई जाती थी जिसमें सैकड़ो गरीब परिवारों की रोजी-रोटी चलती थी उक्त रेल्वे की भूमि से अस्थाई सब्जी मंडी को रेलवे प्रशासन द्वारा हटा दिया गया है जिससे सब्जी विक्रेताओं के गरीब परिवारो की रोजी रोटी खतरे में पड़ गयी है।

उक्त समस्या के दृष्टिगत मानूनीय सांसद महोदय जी द्वारा अपने पत्र क्रमांक 146 दिनांक 12-02-2023 को मानूवीय दृष्टिकोण रखते हुये गरीब परिवारों के तकलीफो को दूर करने के लिये रेलवे की रिक्त भूमि पर वैकल्पिक रूप से सब्जी मंडी स्थापित करने हेतु आग्रह किया गया है।

आपसे दूरभाष पर चर्चा हुई, चर्चा उपरांत आपसे प्राप्त निर्देशानुसार मेरे स्वंय एवं रेलवे की संयुक्त टीम द्वारा आवागमन अवरूद्ध न हो ऐसी व्यवस्था करते हुये रिक्त भूमि का निरीक्षण किया गया, जिसमें स्टेशन के उत्तर में पूर्व से साप्ताहिक बाजार लगाये जाने के अतिरिक्त दक्षिण में रेलवे की रिक्त बैरिकेटेड भूमि पर वैकल्पिक बाजार स्थापित किये जाने पर रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग भी बाधित नही होगा एवं सब्जी विक्रेताओं की समस्याओं का निदान भी हो सकेगा ऐसी सहमति बनी एवं रेलवे की टीम द्वारा यह कहा गया कि अग्रिम कार्यवाही उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार की जावेगी। साथ ही भविष्य में जैसे ही नगर परिषद् बुढ़ार अपने स्वंय की भूमि पर सब्जी मंडी स्थापित कर लेगा, वह बिना किसी व्यवधान के रेलवे की उक्त भूमि को खाली भी कर देगा तथा रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग पर सफाई, पानी एवं प्रकाश व्यवस्था की जिम्मेवारी भी नगर परिषद् बुढ़ार की होगी।

अतः मानवीय दृष्टिकोण रखते हुये सहानभूतिपूर्वक सब्जी मंडी समस्या के निदान किये जाने का अनुरोध है।

धन्यवाद।

(शालिनी सरावगी)
अध्यक्ष
नगर परिषद् बुढ़ार
जिला-शहडोल म०प्र०
दिनांक 14-02-2023

पृ.क्र.:- 186 /2023

प्रतिलिपि,

१. मानूनीया श्रीमती हिमाद्री सिंह जी सांसद सदस्य(लोकसभा) शहडोल म.प्र. की ओर सादर सूचनार्थ।

(शालिनी सरावगी)
अध्यक्ष
नगर परिषद् बुढ़ार
जिला-शहडोल म०प्र०